
आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

## आयकर विभाग

प्रस्तुत करता है

# मोटू पतलू और
# हम साथ साथ हैं



**नाम मेरा है जानकारी बाबू, समझदारी से प्रत्येक कार्य करता हूँ।**
**आयकर से जुड़ी हर जानकारी, मैं सबको बतलाता हूँ।।**
**देश का प्रत्येक नागरिक, जब आयकर समय से चुकाएगा।**
**तब आजादी का अमृत काल सही रूप में आएगा ।।**




# मोटू पतलू और
# हम साथ साथ हैं

आयकर निदेशालय (ज.सं.,प्र.व प्र.) मयूर भवन, नई दिल्ली की परिकल्पना




बहुत बढ़िया प्रश्न किया है आपने। दरअसल सभी लोग जानना चाहते हैं कि आयकर विभाग कैसे काम करता है इतना बड़ा देश, लाखों-करोड़ों लोग... सबका लेखा-जोखा मशीनें रखती हैं या इंसान?
मशीनें ही होंगी.. भला इंसान इतने सारे काम कैसे मैनेज कर सकता है?
तो क्या इन्कम टैक्स वाले रोबोट्स हैं? जो इतने सारे काम एक साथ कर लेते हैं?
हा हा हा ... आयकर विभाग वाले रोबोट तो नहीं हैं लेकिन किसी रोबोट से कम भी नहीं हैं मैं आपको विस्तार से समझाता हूँ
बिल्कुल, यह तो वाकई जानने योग्य बात है
अद्भुत जानकारी होगी


आयकर विभाग का संचालन केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड करता है जोकि नॉर्थ ब्लॉक, रायसीना रोड़, नई दिल्ली पर स्थित है। यहाँ आयकर संबंधी योजनाएं और उन पर अमल करने के लिए कानून बनाए जाते हैं
Building India
2022


यानि यह वो विभाग है जो आयकर कानून पूरे देश में लागू करता है
हाँ... यहाँ आयकर को सरल व उपयोगी बनाने के लिए संबंधित योजनाएं बनाई जाती हैं


हाँ... बिल्कुल सही इसके अलावा इनका काम योजनाओं पर अमल करना और 'कर' एकत्रित करना भी है
जो आयकर इकट्ठा होता है वो भारत सरकार के अलग-अलग मंत्रालय अपनी-अपनी योजनाओं पर खर्च करके देश की तरक्की व खुशहाली में सहयोग करते हैं
संसद के अनुमोदन से केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड आयकर संबंधित कानून बनाता है और उनका संशोधन करता है
NORTH BLOCK
हम्म.. यह तो रहा बोर्ड का काम, इसके अलावा कौन लोग होते हैं?



आयकर को सुचारू रूप से लागू करने के लिए देश को 18 विभिन्न क्षेत्रों में चिन्हित किया गया है। प्रत्येक क्षेत्र का नेतृत्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त करते हैं। आयकर विभाग नियमित कर प्रशासन के अतिरिक्त इनवेस्टीगेशन भी करता है। अन्वेषण अनुभाग देश के 14 विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहा है । प्रत्येक क्षेत्र का नेतृत्व आयकर महानिदेशक करते हैं। वे आयकर चोरी करने वालों के कार्यालयों व घरों पर छापा/रेड मार कर काले धन का पता लगाकर उस पर टैक्स लगाते हैं

**18 क्षेत्र →**

**प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना | ओडिशा | कर्नाटक एवं गोवा | केरल | गुजरात | तमिलनाडू |
| दिल्ली | नागपुर | नॉर्थ वेस्ट रीजन | नॉर्थ ईस्ट रीजन | पुणे | बिहार एवं झारखंड |
| मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ | मुंबई | यूपी (ईस्ट) | यूपी (वेस्ट) एवं उत्तराखंड | राजस्थान | वेस्ट बंगाल एवं सिक्किम |

**14 क्षेत्र →**


**आयकर महानिदेशक (अन्वेषण)**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | कोच्चि | चेन्नई | चंडीगढ़ | जयपुर | दिल्ली | पुणे |
| पटना | भोपाल | बेंगलुरू | मुम्बई | लखनऊ | हैदराबाद | वेस्ट बंगाल, सिक्किम और एनईआर |






*काला धन - जिस आय (इन्कम) पर कर (टैक्स) नहीं चुकाया गया है उसे काला धन कहते हैं


जानकारी बाबू, आपने अधिकारियों की बात तो कर दी.. पर क्या केवल यही उच्च अधिकारी ही सारा काम संभालते हैं?
नहीं मोटू, इनके अलावा भी आयकर विभाग में कई कर्मचारी होते हैं, जिनका सहयोग महत्वपूर्ण होता है
आयकर विभाग में अधिकारियों का चयन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)के माध्यम से होता है जबकि कर्मचारियों का चयन कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा किया जाता है, जो अपने-अपने कार्यानुसार विभाग में सेवा देते हैं
संघ लोक सेवा आयोग
UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION
यानि अधिकारी एवं कर्मचारी अलग-अलग काम करते हैं


बिल्कुल सही पतलू।
जानकारी बाबू,
इस चयन की प्रक्रिया
को विस्तार से
समझाईए
संघ लोक सेवा आयोग
UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION
संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), नई दिल्ली में स्थित है। यह वर्ष में एक बार सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है जोकि तीन चरणों में होती है। प्रारम्भिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा। एक वर्ष में चुने गए अधिकारियों को एक बैच माना जाता है
अरे वाह..
यानि हर साल नया बैच, नए अधिकारी



जो अधिकारी चयनित हो कर आते हैं, उन्हें राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी) नागपुर में विस्तृत प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है
अरे वाह! यह तो मिलिट्री प्रशिक्षण की तरह हो गया
कितनी ट्रेनिंग होती है?


16 महीने... इस प्रशिक्षण के दौरान आयकर अधिनियम व अन्य संबंधित कानूनों के बारे में इन अधिकारियों को सिखाया जाता है। सफल प्रशिक्षण के बाद इन अधिकारियों को किसी भी क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है
बहुत टफ जॉब है
इतना आसान नहीं है



आगे, आयकर कर्मचारियों का चयन एसएससी द्वारा किया जाता है। इस संस्था का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। वर्ष में एक बार परीक्षा आयोजित कर कर्मचारियों का चयन किया जाता है। आयकर विभाग अपने चयनित कर्मचारियों का प्रशिक्षण क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों में करवाता है
कर्मचारी चयन आयोग
STAFF SELECTION COMMISSION
क्या अधिकारियों की तरह कर्मचारियों को भी किसी भी क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है?
हाँ, इन्हें किसी भी क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है
DTRTI Bengaluru



वाकई जानकारी बाबू इन कॉमिक्स के जरिए हमें व देश के बच्चों को आयकर विभाग की मेहनत व कार्यकुशलता की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो गई
और आपका धन्यवाद! आपने हमारा मार्गदर्शन करके हमारे दिमाग की बत्ती जला दी
समय पर आयकर चुकाते रहिए.. इससे बड़ी देश सेवा क्या होगी!
समाप्त

# भूल भुलैया



मोटू को उसका रास्ता ढूँढने में मदद करें।








# इस चित्र में रंग भरें





# अंक सूची



1



2



3



4



5



6



7



8

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20

भारत 2023 INDIA

